हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 18 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 29 .4 डिग्री

न्यूनतम 7 .1 डिग्री

12 ऐतिहासिक गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब पहुंचा भव्य नगर कीर्तन...



12 नागालैंड व मणिपुरी नृत्य से छात्रों ने मचाया धमाल



## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक लाइट बैटरी चोरी मामले में आरोपी काबू

**करनाल।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने निरीक्षक रामलाल के नेतृत्व में आरोपी सूरज पुत्र बिट्टू निवासी गांव नेवल, करनाल को काछवा पुल के पास से गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में एएसआई राजेश कुमार की भूमिका महत्वपूर्ण रही। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि 15 नवंबर की रात पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के निकट ट्रैफिक लाइट कमरों की बैटरियां चोरी की गई थीं। इस संबंध में थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने तकनीकी जांच और आसपास के फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की।

### तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशगनर के टांगरी बांध करधान रोड के पास से नशा तस्करी मामले में एंटी नारकोटिक सैल ने आरोपी कर्ण उर्फ गुल्लु को 12 ग्राम 73 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एएनसी को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया। विधिनुसार तलाशी लेने पर उससे 12 ग्राम 73 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की।

### कमल की हत्या का आरोपी पकडा

**पानीपत।** पानीपत की विद्यानंद कॉलोनी में 11 नवंबर की रात को 25 वर्षीय कमल की सिर व मुंह पर ईंट से वार कर हत्या करने के आरोप में थाना चांदनी बाग पुलिस ने दानिश निवासी विद्यानंद कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। थानेदार महीपाल ने बताया कि दानिश ने रंजिशन कमल की हत्या करना स्वीकारा है। वहीं दाशिन ने सनौली रोड पर पेट्रोल पंप के पास खड़ी लिमोजिन कार से एलईडी टीवी भी चोरी किया।



# वाद्य यंत्रों की स्वर लहरियों और भारत के पारंपरिक लोक संगीत ने बांधा समां

## लोक गीतों को सुनने के लिए ब्रह्मसरोवर के दक्षिण तट पर दर्शकों का तांता लगा

- लोक नृत्यों में बजने वाले वाद्य यंत्र लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहे

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारत के विभिन्न राज्यों के वाद्य यंत्रों की स्वर लहरियों और उनके मधुर संगीत ने ब्रह्मसरोवर का समां बांध कर रख दिया। इन वाद्य यंत्रों की धुनों और लोक गीतों को सुनने के लिए ब्रह्मसरोवर के दक्षिण तट पर दर्शकों का तांता लग गया। इन प्रस्तुतियों को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश के कलाकार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में विशेष तौर लेकर पहुंचे है। महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के घाटों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र पटियाला की तरफ से ब्रह्मसरोवर के घाटों पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के प्रथम चरण में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश राज्यों के कलाकार अपने-अपने प्रदेश की लोक संस्कृति को अपने नृत्यों और लोक गीतों के माध्यम से दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत कर रहे है। यह कलाकार राउफ, कुल्लू नाटी, गाथा गायन, छपेली, शामी, गुदुम बाजा, करमा, राई और पंजाब के लुडी आदि लोक नृत्यों की प्रस्तुति दे रहे है। इन लोक नृत्यों में बजने वाले वाद्य यंत्र लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहे है और लोक गीत दर्शकों के मन पर अपनी अनोखी छाप छोड़ रहे है। इन राज्यों की कला का संगम देखते ही बन रहा है और इस संगम को देखकर हर किसी के चेहरे पर उत्साह, जोश, साफ नजर आ रहा है।

### स्टीक वॉकर बने आकर्षण का केंद्र

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में एनजेडसीसी की तरफ से हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी स्टिक वॉकर कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है। स्टीक वॉकर अपने पैरों के नीचे बांस बांधकर अपनी हाइट को लंबा कर लेते है और इसके बाद पूरे मेले का भ्रमण करते है। यह स्टिक वॉकर निश्चित ही नन्हें-मुन्हे बच्चों के लिए खासतौर पर आकर्षण का केंद्र बने हुए है। कई मर्तबा तो स्टीक वॉकर बच्चों को अपने हाथों में भी उठा लेते है। यह कलाकार नियमित रुप से लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रहे है।

### कच्ची घोड़ी के कलाकार कर रहे है पर्यटकों का मनोरंजन

एनजेडसीसी के अधिकारी भूपेंद्र सिंह का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हर वर्ष कच्ची घोड़ी के कलाकार पहुंचते है। यह कलाकार राजस्थान से संबंधित है और इस बार भी कच्ची घोड़ी का ग्रुप यहां पहुंचा है। इस ग्रुप के कलाकार लगातार राजस्थान की परंपरा अनुसार कच्ची घोड़ी का नृत्य कर रहे है। यह नृत्य लोगों को खूब भा रहा है। जब कच्ची घोड़ी के कलाकार शिल्प और सरस मेले में अपने नृत्य शुरू करते है तो युवाओं का हुजूम एकत्रित हो जाता है, वह सभी युवा भी इन कलाकारों के साथ नृत्य करने में मदमस्त हो जाते है।

### खट्टी मीठी गोलियां बनी आकर्षण का केन्द्र



कुरुक्षेत्र। बच्चों को चटपटी मीठी गोली खाने का मन हो और आयुर्वेदिक तरीके से वजन कम करना हो तथा शुगर पर नियंत्रण पाना हो तो आपको स्टॉल नंबर 12 पर जाना होगा। ब्रह्मसरोवर के तट पर लगे सरस व शिल्प मेले में स्टॉल नंबर 12 पर बड़ों के साथ-साथ बच्चों की भी भीड़ लगी हुई हैं, भीड़ इसलिए कि यहां पर बच्चों के लिए करीब 40 तरह की खट्टी मीठी टॉफियां है और बड़ों के लिए आयुर्वेदिक तरीके से बनी गोलियां है जोकि शुगर और वजन कम करने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। स्टॉल पर कार्यरत गौरव शर्मा और विकास शर्मा ने बताया कि वे हर साल अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर लगे सरस और शिल्प मेले में आते हैं। गौरव शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन ने यहां पर बहुत सुन्दर व्यवस्था की है तथा सुरक्षा की दृष्टिद्व से भी कोई खतरा नहीं हैं। गौरव ने बताया कि 40 तरह के उत्पाद उनकी स्टॉल पर मौजूद हैं और से सभी उत्पाद वे और उनकी टीम खुद बनाती है तथा इस प्रक्रिया में करीब 12 व्यक्ति काम करते है।

### खंड स्तरीय प्रतियोगिता में गुरुकुल के छात्रों का जलवा



गुरुकुल कुरुक्षेत्र के मेधावी छात्रों ने एक बार फिर अपनी विलक्षण प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल गुरुकुल की ख्याति को बढ़ाया है बल्कि कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में शिक्षा विभाग द्वारा कराई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार जीतकर अपने गुरुओं का भी सम्मान बढ़ाया है। विजेता छात्रों का आज गुरुकुल पहुंचने पर निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप सहित अन्य अध्यापकों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर संस्कृत विभाग से सत्यव्रत आर्य, शुभम् शास्त्री भी मौजूद रहे। निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय से राज्य स्तर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 6 से 7 नवम्बर 2025 तक विद्यालय स्तर प्रतियोगिताएं तथा 17 नवम्बर को खण्ड स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनमें भाषण, संवाद एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के कनिष्ठ और वरिष्ठ दोनों वर्गां में गुरुकुल के छात्र प्रथम स्थान पर रहे। इसके अलावा श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में गुरुकुल के स्वास्तिक आर्य को द्वितीय पुरस्कार मिला वहीं निबंध प्रतियोगिता में अभिषेक अत्री को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भाषण में कनिष्ठ वर्ग में गुरुकुल के सिद्धार्थ और वरिष्ठ वर्ग में काव्यांश ने शानदार प्रस्तुति से सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने सभी विजेता छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं और कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आगामी प्रतियोगिता में भी गुरुकुल के छात्र शानदार प्रदर्शन करेंगे।

### पर्यटकों को खूब लुभा रही लखनवी चिकन लेडिज सूट्स की चमक



कुरुक्षेत्र। लखनवी चिकन लेडिज सूट दिखाती शिल्पकार गजाला।

कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान क्राफ्ट मेला में पहुंचे कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक शिल्पकारों की हैंड मेड आइट्स की प्रदर्शनी को देख उनकी मेहनत झलक नजर आ रही। किस तरीके से वे अपनी शिल्पकला को बचाने के लिए लगे हुए हैं। इसलिए इनकी शिल्पकारी को उभारने के लिए भारत सरकार भी इन्हें सहयोग दे रहा है। शिल्पकारों ने हैंड मेड बनारसी साड़ी-सूट, चंदेरी साड़िया, जरी सूट-लहंगे, शरारा, फुलकारी, जयपुरी जूतियां व लखनवी चिकन के सूट की कई बेहतरीन वैरायटी की प्रदर्शनी लगाई है। ज्यादातर शिल्पकारों ने प्रधानमंत्री योजना व खादी ग्रामोद्योग के तहत लोन लेकर अपना बिजनेस शुरू किया तो कुछ ने शौकिया तौर पर नौकरी छोड़कर बिजनेस शुरू किया। लखनऊ की रहने वाली एमए तक की शिक्षा उत्तीर्ण करने वाली गजाला नाहिद ने महोत्सव में 125 नंबर पर अपना स्टॉल लगाया है। उन्होंने बताया कि लखनवी चिकन कुर्ता सभी राज्यों की महिलाओं को पसंद है। लखनवी चिकन कारीगरी से बना पुरुष और महिला दोनों का कुर्ता और कुर्ती बहुत पसंद की जाती है। लखनवी चिकन कला की खासियत यह होती थी कि मखमल जैसे बारीक कपड़े पर बेहतरीन तरीके से उभारा जाता है। वह लखनवी चिकन, कुर्ता, शरारा लेकर पहुंची हैं। लखनवी चिकन लेडिज सूट्स की चमक ब्रह्मसरोवर पर आए पर्यटकों को खूब लुभा रही है। शिल्पकार गजाला ने बताया कि उनके समूह में 500 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। जो मिलकर कपड़े पर एम्ब्रॉयडरी करती हैं। उनकी अजीविका का यही साधन है। इसके अलावा वे इस कार्य की ट्रेनिंग भी देती है। उन्होंने बताया कि वे महोत्सव में पिछले 10 सालों से सूट व साड़ी का सामान लेकर आ रही है। स्टॉल पर आकर लोग सूटों को खूब पंसद करते है और खरीदारी भी करते है। गत वर्ष उन्होंने लगभग 5 लाख तक की सेल की थी। उनके स्टॉल पर कुर्ता, सूट, साड़ी, लहंगा व चुन्नी उपलब्ध है। स्टॉल पर 400 रुपये से लेकर 15 हजार तक के सूट है। गजाला नाहिद को कई राज्य स्तरीय अवार्ड भी मिल चुके है। शिल्पकार गजाला ने महोत्सव पर मिल रही सुविधाओं पर खुशी जताते हुए सरकार व जिला प्रशासन का आभार जताया। बताया कि उन्हें महोत्सव में आकर बहुत खुशी मिलती है।

# इजरायल दौरे से खुलेंगे वैश्विक एग्रीटेक में नए अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



एवीपीएल इंटर नेशनल ड्रोन कंपनी के क्षेत्रीय निदेशक डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि हरियाणा के हिसार जिले के गांव सिसाय के ग्रामीण युवा दीप सिहाग, भारत और विश्व में ड्रोन और कृषि तकनीक के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। दीप सिहाग सिसाय अब एफआईसीसीआई और भारत सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ इजरायल दौरे पर जा रहे हैं। जिसका उद्देश्य इजरायल की उन्नत कृषि तकनीक, ड्रोन आधारित प्रिसीजन फार्मिंग, स्मार्ट सिंचाई और एग्रीटेक इनोवेशन को समझना और भारत में लागू करने के लिए साझेदारी के अवसर तलाशना है। वहीं दीप सिहाग ने बताया कि उनका विजन उनके गांव सिसाय में 11.5 एकड़ में विकसित हो रही है।

### मुख्यमंत्री कर चूके शिलान्यास



यह परियोजना भारत का पहला ड्रोन शहर होगा। मुख्यमंत्री इसका शिलान्यास कर चुके है। वहीं, यह परियोजना केवल ड्रोन ट्रेनिंग सेंटर नहीं बल्कि ग्रामीण भारत के लिए भविष्य की टेक्नोलॉजी राजधानी के रूप में विकसित की जा रही है। उन्होंने बताया कि ड्रोन सिटी सिसाय एक बड़े मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित हो रही है। यहां 23 ड्रोन कम्पोनेंट फैक्ट्रियां स्थापित की जाएगी। जिनमें फ्लाइट कंट्रोलर, बैटरी, मोटर, प्रोपेलर,मॉड्यूल और सेंसर तैयार होंगे। वहीं कम्पनी के क्षेत्रीय निदेशक डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि दीप सिहाग व प्रनिधिमंडल के इजरायल दौरे से वैश्विक एग्रीटेक में नए अवसर खुलेंगे। जिससे न केवल प्रदेश का बल्कि भारत का किसान खुशहाल होगा।



## अतिक्रमण हटाने के लिए पंहुचा विभाग दुकानदारों ने मांगा 15 दिन का समय

**मुलाना।** सीएम विंडो पर मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए दोसड़का में बराड़ा- साढ़ौरा मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण पर पीडब्लूडी विभाग पुलिस दलबल के साथ सोमवार सुबह मौके पर पंहुचा। यहां पीडब्ल्यूडी विभाग अधिकारी एसडीओ आशा ,ड्यूटी मजिस्ट्रेट साहा पंचायती राज एसडीओ संजय कुमार की मौजूदगी में दोसड़का बाजार में बराड़ा- साढौरा मार्ग पर स्थित दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण को हटाने का कार्य शुरू किया गया । इससे दुकानदारों में हडकंप मच गया । दुकानदारों ने विभाग से कार्रवाई रोकने की अपील की लेकिन विभाग कार्रवाई के मुड़ में आया था और पीला पंजा दुकानों के आगे पक्के अवैध कब्जे को हटाता रहा । इसी बीच कई दुकानदार एकत्रित होकर अधिकारियों से मिले और अपील की वो स्वयं अतिक्रमण को हटा लेंगे लेकिन फिलहाल कार्रवाई को रोक दिया जाए । नहीं तो उनका काफी नुक्सान हो जाएगा। इसके लिए दुकानदारों ने लिखित में एक पत्र देकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट व विभागीय अधिकारियों को सौंपा । इसके बाद कार्रवाई को रोक दिया गया । इस समय के दौरान जेसीबी से करीब 40 मीटर तक दुकानों के आगे किया गया पक्का अवैध कब्जा हटा दिया गया था । फिलहाल दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।

# चारे के लिए एकत्र की गई छह एकड़ की पराली के ढेर में संदिग्ध रुप से लगी आग

## किसान के सामने पशुओं के लिए छाया सूखे चारा का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। बपौली मार्ग पर आग लगने से जलकर राख हुआ पराली के ढेर।

रादौर क्षेत्र के गांव बपौली मार्ग पर एक किसान द्वारा अपने पशुओं के सूखा चारा के लिए एकत्र की गई छह एकड़ की पराली के ढ़ेर में संदिग्ध रुप से अचानक आग लग गई।

आग लगने के सूचना मिलते ही दमकल विभाग को दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया। पीड़ति किसान ने पराली का ढ़ेर चलने से अपने पशुओं के लिए सूखा चारा का संकट छाए जाने की आशंका जताई है।

पीड़ति किसान दर्शन सिंह ने बताया कि उसने अपने पशुओं के सूखा चारा के लिए रादौर के बपौली मार्ग के नजदीक छह एकड़ धान की पराली का ढ़ेर लगाया हुआ था। दोपहर के वक्त अचानक उसके पराली के ढेर में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही उन्होंने दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया। मगर जब तक आग को बुझाया गया तब तक ढेर में स्टोर की गई पराली जल चुकी थी। जिससे उसे जहां करीब 60 से 79 हजार रुपये का नुक्सान हुआ है। वहीं, सर्दी के मौसम में उसके लिए अब पशुओं के लिए सूखे चारा का संकट खड़ा हो गया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

पीजीआई में चल रहा था मृतक का इलाज

# फैक्ट्री में केमिकल गिरने से घायल श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव बलाचौर में फैक्ट्री में काम करते समय केमिकल गिरने से घायल हुए व्यक्ति की पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ लापरवाही बरतने के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रादौर थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरा निवासी सुनीता देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति 40 वर्षीय राजिंद्र कुमार छछरौली क्षेत्र के गांव बलाचौर में स्थित श्याम लेमिनेट फैक्ट्री में काम करता था।

### फैक्ट्री मालिक पर लगाया आरोप

सुनीता देवी का पति आठ नवंबर को फैक्ट्री में काम पर गया था। इस दौरान काम करते समय उसके पति के ऊपर केमिकल गिर गया। जिससे वह बूरी तरह से झुलस गया। साथ काम करने वाले कर्मी उसके घायल पति को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां गंभीर हालत के चलते डॉक्टर ने उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। इस बारे नौ नवंबर को पुलिस को सूचना भी भेजी गई। सुनीता ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री में कोई सुरक्षा उपकरण नहीं थे। मालिक की लापरवाही से यह हादसा हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## धान घोटाले पर भाकियू ने जड़े गंभी आरोप

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने धान घोटाले में बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई न होने को लेकर सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये के इस घोटाले में जिन अधिकारियों पर केस दर्ज हुए हैं, उन्हें अब तक गिरफ्तार न किया जाना सरकार की मंशा पर संदेह पैदा करता है। बहादुर मेहला ने कहा कि "क्या बड़े अधिकारियों ने सरकार के संरक्षण में इस घोटाले को अंजाम दिया है? अगर ऐसा नहीं है तो कार्रवाई में देरी क्यों की जा रही है।" उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' की बात तो करती है, लेकिन धान घोटाले जैसे बड़े मामले में शामिल भ्रष्ट अधिकारी खुला संरक्षण पाते दिख रहे हैं।



शहीद स्मारक की गैलरियों में निर्मित दीवारों पर आदमी व घोड़े चलते आएंगे नजर

# प्रधानमंत्री दौरे से पहले 1857 शहीद स्मारक तैयार होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- परिवहन मंत्री अनिल विज बोले पीएम नरेंद्र मोदी कर सकते हैं स्मारक का उद्घाटन

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि सन-1857 में देश की पहली आजादी की लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक का निर्माण अंतिम चरणों में है। उन्होंने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि 25 नवंबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले शहीद स्मारक तैयार हो जाए। यदि उन्हें समय मिले तो वह इसका अवलोकन और उद्घाटन कर सकें। विज देर शाम अंबाला छावनी जीटी रोड पर शहीद स्मारक में निरीक्षण के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक इतने आकर्षण का केंद्र होगा कि देखने वाला यहां से हिलेगा नहीं। यहां तकनीकी और साइंटिफिक तौर पर लाइट, लेजर शो 360 डिग्री व्यू तक दिखाया जाएगा। स्मारक की गैलरियों में निर्मित दीवारों पर आदमी व घोड़े चलते नजर आएंगे। ऐसे ही यहां 21 गैलरियों में एक से एक चीज देखने लायक होगी जोकि कमाल व बेमिसाल होगी। इससे पहले मंत्री अनिल विज ने स्मारक का निरीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों व निर्माण एजेंसी स्टाफ से जानकारियां ली। उन्होंने ऑडियो व वीडियो प्रिजेंटेशन देखी।




**ऊर्जा मंत्री ने 1857 संग्राम की 360 वीडियो देख दी तेज़ी से निर्माण पूरा करने की हिदायत**

गैलरी में ऊर्जा मंत्री ने 1857 की लड़ाई पर आधारित 360 डिग्री व्यू की वीडियो भी देखी और दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जल्द निर्माण कार्य को पूरा करने के दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रवेश शर्मा, रवि बुद्धिराजा, बलित नागपाल, बलकेश वत्स के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



## कांग्रेस के वोट चोरी आरोपों पर राजनीति गर्माई

**करनाल।** हरियाणा में वोट चोरी को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों पर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। करनाल जिले के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने सोमवार को कांग्रेस के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि चुनाव परिणाम संगठन की मजबूती से आते हैं, न कि आरोप-प्रत्यारोप से। राणा ने कहा कि कांग्रेस इसलिए शोर मचा रही है क्योंकि उसके पास ग्राउंड लेवल पर बूथ लेवल के कार्यकर्ता ही नहीं हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में कुल 20 हजार 632 बूथ हैं और हर पार्टी को उसी अनुपात में बीएलए-2 की आवश्यकता पड़ती है, जिन्हें चुनाव आयोग द्वारा काउंटिंग के लिए अनुमति दी जाती है।

## क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने रिंकू राणा

**घरौंडा।** घरौंडा राजपूत समाज के सदस्यों की एक अहम मीटिंग अराईंपूरा रोड स्थिति निजी कार्यलय में आयोजित की गई जिसमें अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल राणा ने मुख्य रूप से शिरकत किया। समाज के सदस्यों ने उन्हें पगड़ी व शाल से सम्मानित की। मीटिंग के दौरान अखिल भारतीय क्षत्रिय सभा के अध्यक्ष यशपाल राणा ने सर्वसमाज मे सक्रियता से भागेदारी निभाने वाले रिंकू राणा को क्षत्रिय महासभा का प्रदेश उपाध्यक्ष का नियुक्ति पत्र दे कर सम्मानित किया। उसके बाद प्रदेश कोर्डिनेटर सतपाल राणा को बनाया गया।

## बुलेट से पटाखे बजाने वालों पर कसा शिकंजा

**शाहबाद।** नगर के हुड्डा पार्ट एक में हरियाणा पुलिस के कमांडो ने बुलेट मोटरसाइकिल के चालकों पर शिकंजा कसा। हरियाणा पुलिस के कमांडो राहुल और अक्षय ने बताया कुछ नवयुवक बाजरों और सड़कों पर बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर से पटाखे छोड़ते हैं जिससे सड़क पर चलने वाले महिलाओं और बुजुर्ग डर जाते हैं और कोई हादसा हो सकता है। पुलिस कमांडो राहुल ने कहा कि जो नवयुवक अनुशासन में रहकर दो पहिया वहान चलते हैं उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए है।

## फर्स्टक्राइ स्कूल में बच्चों ने खेलकूद में लिया भाग

**कुरुक्षेत्र।** फर्स्टक्राइ इनटैलीटोटस प्री-स्कूल, ज्योतिनगर ने वार्षिक स्पोर्ट्स डे का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया। इस वर्ष का थीम एवरग्रीन हमारे युवा छात्रों में ऊर्जा, ताजगी और जीवनभर की फिटनेस की भावना को बढ़ावा देने का प्रतीक है। इस आयोजन में हमारे छोटे चैंपियनों ने विभिन्न आकर्षक दौड़ों और मजेदार गतिविधियों में भाग लिया। उनके आत्मविश्वास, टीमवर्क और जीवंत प्रदर्शन ने एवरग्रीन थीम के सच्चे सार को प्रतिबिंबित किया।

### विधायक कश्यप और योगेंद्र राणा ने अपने-अपने हलके में सुनीं शिकायते

# जन्म प्रमाण पत्र में नाम ठीक करवाने और पानी निकासी की विधायक से गुहार

- *विधायक कश्यप ने मौके पर निपटायीं अधिकांश शिकायतें*
- *शेष शिकायतों को निपटाने के अपफसरों को दिए निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने बताया कि वे विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु नियमित रूप से जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं, जिनमें से अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया और प्रशासनिक स्तर की समस्याओं के शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। विधायक ने सभी लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता व हलके के लोग मौजूद रहे।



**इंद्री।** इंद्री मे हलके के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप। फोटो : हरिभूमि

### ये शिकायत लेकर पहुंचे फरियादी

जनसुनवाई कार्यक्रम में ये आई समस्याएं। जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान गांव शेरगढ़ खालसा निवासी धर्मपाल आर्य ने गांव की आंगनवाड़ी के जीर्णोद्धार बारे, गांव नन्हेड़ा निवासी सुरेश कुमार ने अपने दिव्यांग बेटे के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध करवाने बारे, किसान वेलफेयर क्लब इंद्री के पदाधिकारियों ने जैविक खेती की जानकारी हेतू प्रशिक्षण भ्रमण करवाने बारे, पटहेड़ा निवासी राम निवास ने जन्म प्रमाण पत्र में नाम ठीक करवाने बारे, ग्राम पंचायत नागल के सरपंच द्वारा पानी निकासी हेतु पाइप लाइन डलवाने बारे, गांव सरवन माजरा के पंच साहिल, राजकुमार व अन्य ने मानदेय न मिलने बारे सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान बारे विधायक से अनुरोध किया।



**करनाल।** जनसुनवाई में लोगों की शिकायतें सुनते विधायक योगेंद्र राणा। फोटो : हरिभूमि

### विधायक ने कई शिकायतें मौके पर

**करनाल।** असंध की नई अनाज मंडी स्थित कार्यालय में सोमवार को विधायक योगेंद्र राणा ने आमजन की समस्याएं सुनने के लिए जनसुनवाई आयोजित की। सुबह से ही बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। लोगों ने शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुधार, पानी की सप्लाई, नल कनेक्शन, स्ट्रीट लाइटों की खराबी, बिजली बिल सुधार, पेंशन संबंधी बाधाएं, राजस्व विभाग से जुड़े मामलों और आवागमन की समस्याओं के बारे में अपनी शिकायतें दर्ज करवाईं। विधायक राणा ने कहा कि सुशासन का आधार समस्या का समयबद्ध समाधान है। उन्होंने कहा कि जनता और व्यवस्था के बीच संवाद जितना मजबूत होगा, लोकतंत्र उतना ही सशक्त होगा। मेरी प्राथमिकता है कि हर नागरिक की समस्या सुनी जाए और समाधान तुरंत मिले

खबर संक्षेप



**करनाल।** ब्रह्मा सरोवर पर समूह फोटो के दौरान विद्यार्थी व शिक्षक।

## विद्यार्थियों ने किया गीता जयंती महोत्सव का भ्रमण

**करनाल।** जिला शिक्षा विभाग करनाल द्वारा 16 और 17 नवंबर को गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ज्योत्सना मिश्रा ने विद्यार्थियों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नोडल अधिकारी दीपक वर्मा ने बताया कि भ्रमण में जिले के 138 विद्यार्थियों तथा 22 अध्यापकों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों — धरोहर, कृष्ण संग्रहालय, पैनोरमा, ब्रह्मा सरोवर और ज्योतिसर का भ्रमण किया, जहाँ उन्हें भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और महाभारत कालीन इतिहास की विस्तृत जानकारी दी गई। ज्योतिसर में विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश का महत्व समझाया गया। जिला गणित विशेषज्ञ सुमित मान ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति को नजदीक से समझने में मदद करते हैं। वहीं पूर्व विधायक सुभाष सुधा ने भी विद्यार्थियों को गीता ज्ञान के विभिन्न प्रसंगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अध्यापक दल में दीपक वर्मा, सुमित मान, प्रमिला, दिनेश, अनिल, वेदपाल, बबली, कृष्णा, नीलम, निशा, कविता, सुरेंद्र, सुरेश, सुनील, बरहम सिंह और

## शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को दी कानूनी जानकारी

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में निर्मल धाम वरिष्ठ नागरिक केंद्र में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को माता–पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण–पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 की जानकारी देना था। पैनल अधिवक्ता कविता दत्त और रिटेनर ने वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों, भरण–पोषण प्रावधानों, मासिक भत्ता आदेश और मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# गीता जयंती प्रतियोगिताओं में मॉडल संस्कृति स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

नीलोखेड़ी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अंतर्गत खंड स्तरीय स्कूली प्रतियोगिताओं में मॉडल संस्कृति स्कूल, तरावड़ी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल व शहर का नाम रोशन किया। कक्षा 9 से 12 वर्ग में आयोजित गीता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सिमरन, शिवम और मिनाली की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग में श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में मनसा दास प्रथम रहीं। पेंटिंग प्रतियोगिता में युवास्ती ने तृतीय स्थान और निबंध लेखन में रेनुका ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा 6 से 8 वर्ग की प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय के छात्रों का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दीपक, गर्व और रोहित की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्लोकोच्चारण में दिया प्रथम रही। संवाद प्रतियोगिता में प्रियांशी और भैंसी की जोड़ी ने प्रथम स्थान हासिल किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में आर्यन प्रथम रहे, जबकि निबंध लेखन में हर्षिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



**तरावड़ी।** कार्यक्रम मे भाग लेकर स्कूल मे लौटने के बाद स्कूल स्टाफ स्वागत करते हुए।

### विद्यार्थियों को मेडल देकर किया सम्मान

विद्यालय लौटने पर प्राचार्य नवीन कुमार ने सभी विजेता छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनकी मेहनत की सराहना की। उन्होंने संस्कृत प्रवक्ता जगदीश कुमार, संस्कृत अध्यापक रामनिवास और मोनिका शिक्षिका को छात्रों को उच्च स्तर की तैयारी करवाने के लिए धन्यवाद दिया।

# हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में लोक अभियोजक अधिकारियों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण हुआ प्रारम्भ

- प्रशिक्षण 17 से 28 नवम्बर 2025 तक चलेगा, जिसमें 17 लोक अभियोजक अधिकारी भाग ले रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ. एस. राधाकृष्णन सभागार में लोक अभियोजन विभाग के अधिकारियों हेतु दस दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह प्रशिक्षण 17 से 28 नवम्बर 2025 तक चलेगा, जिसमें 17 लोक अभियोजक अधिकारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन कोर्स संयोजक बलजिन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अकादमी तथा सह-समन्वयक सुरेन्द्र कुमार, उप जिला लोक अभियोजक ने किया। अतिथि वक्ता डॉ. दीपा सिंह का स्वागत अकादमी की ओर से पौधा भेंट कर किया गया। नये दण्ड तथा न्याय संबंधी कानूनों पर विस्तृत चर्चा

अपने प्रारम्भिक सत्र में डॉ. दीपा सिंह ने देश में हाल ही में लागू हुए तीन मुख्य कानूनों भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों पर गहन चर्चा की। उन्होंने बताया कि नये कानूनों को /"नागरिक पहले – न्याय पहले/" की भावना के साथ तैयार किया गया है। इन कानूनों में पीड़ितों की सुरक्षा, महिलाओं और बच्चों के अधिकार, त्वरित कार्यवाही, प्रौद्योगिकी आधारित साक्ष्यों की मान्यता, समयबद्ध सुनवाई पर विशेष बल दिया गया है।



कानूनों के प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी देती डॉ. दीपा सिंह।

डॉ. दीपा सिंह ने यह भी बताया कि अब न्याय व्यवस्था को दण्ड प्रधान स्वरूप से हटाकर जन-केन्द्रित एवं न्याय-केन्द्रित स्वरूप दिया गया है, जिससे सामान्य नागरिक का न्याय प्रणाली में विश्वास और अधिक मजबूत होगा। अनुभव साझा करने का महत्वपूर्ण अवसर सह-समन्वयक सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि यह दस दिवसीय प्रशिक्षण लोक अभियोजकों के लिए अनुभव साझा करने और नये विधिक परिवर्तनों को समझने का उपयुक्त मंच है। उन्होंने कहा कि अकादमी का प्रयास है कि सभी प्रतिभागियों को व्यवहारिक ज्ञान और अद्यतन विधिक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। कार्यक्रम में अकादमी के अनेक अधिकारी, विधि विशेषज्ञ और प्रशिक्षण शाखा के सदस्य उपस्थित रहे।



**करनाल।** शिव–पार्वती विवाह कथा का वर्णन करती कथा व्यास त्रिवेणी भारती।

### शिव–पार्वती विवाह कथा के साथ के साथ कथा समाप्त

करनाल। शिव–पार्वती विवाह कथा के साथ चार दिवसीय शिव कथा का समापन। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा शिव मंदिर, फुसगढ़ में आयोजित चार दिवसीय शिव कथा के अंतिम दिवस पर शिव–पार्वती विवाह प्रसंग का पावन वर्णन किया गया। कथा व्यास साध्वी त्रिवेणी भारती ने बताया कि शिव–पार्वती विवाह केवल पौराणिक कथा नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का शाश्वत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जैसे माता पार्वती ने सतत तपस्या और श्रद्धा से शिव को प्राप्त किया, वैसे ही साधक को भी अपने भीतर से अज्ञान, संशय और अहंकार को त्यागना चाहिए। उन्होंने बताया कि सच्चे गुरु के मार्गदर्शन से ही मनुष्य आत्मज्ञान प्राप्त कर सकता है। कथा स्थल पर भक्तों ने भजन, नृत्य, पुष्प वर्षा और जयघोष के साथ विवाह उत्सव मनाया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती और आशीर्वचन के साथ हुआ।

# कार्यशाला में विद्यार्थियों को सिखाई डिजिटल फोटो ग्राफी की बारीकियां

- राजकीय महाविद्यालय में हुई फोटोग्राफी कार्यशाला
- विद्यार्थियों ने सीखी फ्रेमिंग, लाइटिंग और न्यूज़ फोटोग्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा सोमवार को एक दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला एवं विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कॉलेज के पत्रकारिता, कला संकाय तथा विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को फोटोग्राफी के तकनीकी, रचनात्मक और पत्रकारिता संबंधी पहलुओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम के पहले सत्र में आर्य पीजी कॉलेज पानीपत के सहायक प्रोफेसर डॉ. दिनेश गहल्यान ने बताया कि फोटोग्राफी केवल कैमरा क्लिक करना नहीं, बल्कि एक दृष्टिकोण और ज़िम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को कैमरा संभालना, फ्रेम बनाना, एंगल चुनना, प्राकृतिक एवं कृत्रिम प्रकाश का उपयोग, शटर स्पीड, ISO और अपर्चर के तालमेल की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने न्यूज़ फोटोग्राफी की विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला— जैसे एक्शन शॉट, मूड कैप्चर, विज़ुअल स्टोरीटेलिंग, मानवीय भावनाओं का चित्रण, और फोटो की विश्वसनीयता।



**करनाल।** व्यावहारिक अभ्यास के दौरान फोटो एंगल सीखते विद्यार्थी।



संस्कृत प्राध्यापकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देते मास्टर ट्रेनर।

### संस्कृत प्राध्यापकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**करनाल।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) शाहपुर करनाल में संस्कृत प्राध्यापकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, वैदिक मंत्र पाठ और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम समन्वयक एवं मास्टर ट्रेनर डॉ. शिशन पाल ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, विज्ञान और आधुनिक तकनीक (विशेषकर एआई) की आधारभूत भाषा है। उन्होंने पहले और दूसरे सत्र में संज्ञा प्रकरण, उच्चारण स्थान, एआई आधारित भाषा संरचना और संस्कृत के भावी क्षेत्र पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। तीसरे सत्र में डाइट की रेखा चालिया ने वैदिक गणित का प्रशिक्षण दिया, जबकि चौथे सत्र में मास्टर ट्रेनर भारत भूषण ने छंद और अलंकार की गहन जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में जिले के लगभग 85 पीजीटी संस्कृत शिक्षक शामिल हुए। उपस्थित शिक्षकों में प्रवीन कुमार, बृजेश, कर्मजीत, पवन कुमार, सुमन, संजय, वेदप्रकाश, सुरजभान, नरेश, राजबीर, दीपक गाबा, मुक्ता, जगदीश, रचना, सरोज, सविता, रीना, अशोक कुमार और अमित शर्मा आदि शामिल रहे।

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा: गुड़गांव और हिसार में स्थापित होंगी दो ऑर्गेनिक मंडियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा ने सोमवार को महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी (एमएचयू) करनाल का दौरा किया। दौरे का उद्देश्य विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान और प्रचार-प्रसार गतिविधियों का निरीक्षण करना तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की योजनाओं की समीक्षा करना था। एमएचयू पहुंचने पर कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। किसानों को मिलेगी बड़ी सुविधा कृषिमंत्री ने बताया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी ऑर्गेनिक फसलें बेचने में दिक्कत न हो, इसके लिए सरकार गुड़गांव और हिसार में दो विशेष ऑर्गेनिक मंडियां शुरू करेगी। इससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि धान–गेहूं की फसल में रसायनों और उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग बढ़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य जोखिम बढ़ते हैं। प्राकृतिक खेती को अपनाने से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, लागत कम होती है, फसल पोषक व गुणवत्तापूर्ण होती है बाज़ार में ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग बढ़ती है। एमएचयू के अनुसंधान कार्य की समीक्षा नए फल एवं सब्जी प्रजातियों पर शोध हाई–टेक नर्सरी हॉर्टिकल्चर की आधुनिक तकनीकों का विकास किसानों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राकृतिक खेती मॉडल प्रोजेक्ट मंत्री ने विश्वविद्यालय के मैन कैंपस के निर्माणाधीन कार्य का भी निरीक्षण किया।



**करनाल।** कैंपस निर्माण स्थल का निरीक्षण करते मंत्री और विवि अधिकारी।

### बाबा बू अली शाह कलंदर के उर्स में शोभायात्रा का आयोजन

# कलंदर साहिब ने समाज को दी दिशा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

बाबा बू अली शाह कलंदर महाराज का सालाना उर्स, भण्डारा और महफ़िल-ए-कव्वाली का ऐतिहासिक आयोजन आज कलन्दरी गेट स्थित दरगाह पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसे विधायक जगमोहन आनंद और महापौर रेनू बाला गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दोनों अतिथियों ने दरगाह पहुंचकर बाबा रामकरण महाराज का आशीर्वाद भी लिया।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि कलंदर साहिब एक महान सूफी संत थे, जिन्होंने समाज को जोड़ने, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बाबा बू अली शाह की दरगाह सभी धर्मों के लोगों का संगम स्थल है और यहां की मिट्टी लोगों के मन को शांति प्रदान करती है। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि बाबा कलंदर की दरगाह पर आने वाले श्रद्धालुओं की मन्नतें पूरी होती हैं, इसलिए हर वर्ष यह उर्स आस्था और उत्साह का प्रतीक बनकर मनाया जाता है। बाबा रामकरण महाराज ने अतिथियों का सम्मान किया और कहा कि कलंदर साहिब का उर्स आजादी से पहले से चला आ रहा है। पहले के समय में फूलों की चार तथा पंखे निकालने की परम्परा विशेष रूप से निभाई जाती थी। बाबा बू अली शाह कलंदर की दरगाह लगभग 800 वर्ष पुरानी आध्यात्मिक धरोहर है। इनकी चार दरगाहें पानीपत, करनाल, बुढ़ाखेड़ा और इन्द्री आज भी हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र हैं। कहते हैं कि बू अली शाह कलंदर ने 12 वर्षों तक यमुना के तट पर कठोर साधना की। उनकी आध्यात्मिक शक्ति के कारण उन्हें "बू अली शाह कलंदर" की उपाधि प्राप्त हुई।



करनाल। कलंदर साहिब के उर्स की शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाते विधायक जगमोहन आनंद और महापौर रेनू बाला गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### भव्य शोभायात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा दरबार श्री कलंदर साहिब याद सराय जुण्डला गेट से शुरू होकर बासो गेट, चौड़ा बाज़ार, कर्ण गेट और सचदेवा स्वीट्स से होती हुई दरगाह शरीफ पर पहुँची। यात्रा में भगवान राम की झांकी, ऑपरेशन सिन्दूर झांकी, सर्वधर्म एकता झांकी तथा रामलला की झांकी प्रमुख आकर्षण रहीं। बाबा रामकरण महाराज, रवि साई, वेवी चंद गुप्ता, तरणजीत सिंह, राकेश और ललित शोभायात्रा में शामिल रहे। घोड़ों पर सवार सेवकों ने बाबा की शान में पंखे उठाए हुए थे, जबकि रथ–बग्गी पर बाबा जी का दिव्य स्वरूप सुसज्जित था। करनाल के प्रसिद्ध बैंड कलाकार अपने वाद्य यंत्रों के साथ शोभायात्रा में रंग घोल रहे थे।

### चादर पेश, भण्डारा और रात्रि कव्वाली

दरगाह पहुंचकर श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक चादर मुबारक अर्पित की। इसके पश्चात मुगल नहर के समीप रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में विशाल भण्डारा आयोजित हुआ, जिसमें हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को दरगाह शरीफ पर महफ़िल-ए-कव्वाली का आयोजन किया गया। मुंबई के सूफी गायक रईस अनीश साबरी और फारूख शाहरूख ने बाबा की महिमा का गायन कर माहौल को सूफियाना बना दिया।

## खबर संक्षेप

### नशीले इंजेक्शन का सप्लायर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने 460 नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शनों की तस्करी मामले में सप्लायरदीपक निवासी न्यात कॉलोनी, गोहाना जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित ने बताया कि पूछताछ में आरोपी दीपक ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके सोनीपत के बुटाना गांव निवासी आरोपी हरकेश उर्फ काला को 460 नशीले प्रतिबंधित पेंटाजोसिन लैक्टेट इंजेक्शन कमीशन पर बेचने के लिए देने बारे स्वीकारा है। इस केस में सोनीपत के बुटाना गांव निवासी देवेंद्र उर्फ देवा भी आरोपी है। जबकि इस केस में थाना इसराना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

### कप्तान ने परेड में हथियार जांचें

**पानीपत।** पानीपत पुलिस लाइन में सोमवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन हुआ। वहीं पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने परेड की सलामी ली और परेड ग्राउंड पर जवानों की वर्दी, बैज, बेल्ट, जूतों, शस्त्रों तथा अन्य उपकरणों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने टर्न आउट एवं अनुशासन को पुलिस सेवा की गरिमा से जोड़ते हुए सभी कर्मियों को वर्दी को सदैव व्यवस्थित एवं मानक के अनुरूप रखने के निर्देश देते हुए शारीरिक फिटनेस बनाए रखने, नियमित व्यायाम करने, संतुलित आहार अपनाने को प्रेरित किया। एसपी सिंह ने कहा कि स्वस्थ पुलिस बल ही जनता की सेवा में अधिक कुशलता और तत्परता से कार्य कर सकता है।

### एसएचएस में वार्षिक उत्सव का आयोजन

**पानीपत।** सेकरेड हार्ट सिनियर सेकेंडरी स्कूल गांव पट्टीकल्याण में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लूसी इमैन्युअल व सरपंच गांव पट्टीकल्याणा मुकेश कुमार, प्रिंसिपल लीला जोसफ, प्रबंधक किरन कोसपोटा समेत बडी संख्या में अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बाल विवाह के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** एमडीडी ऑफ इंडिया ने समालखा में राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों व अध्यापिकों, गांव ददलाना में ग्रामीणों और पानीपत वृद्धाश्रम में निवास कर रहे नागरिकों को बाल विवाह के विरूद्ध जागरूक किया। एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला समन्वयक संजय कुमार ने बताया कि बाल विवाह सामजिक कुरीति है और बाल विवाह होने से लड़की व लड़के दोनों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। उन्होंने नागरिकों से बाल विवाह नहीं करवाने की अपील की। जबकि गांव ददलाना में सरपंच नीरू ने कहा कि उनके गांव में बाल विवाह नहीं होने दिया जाएगा, वहीं इस कुरीति के खिलाफ गांव के हर परिवार को जागरूक किया जाएगा।

### एनडीए की जीत पर किसान मोर्चा ने लड्डू बांटे

**पानीपत।** बिहार में एनडीए की जीत पर ताऊ देवीलाल कॉलेज समालखा में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुभाष कुहाङ, प्रदेश महामंत्री सुनील वत्स, जिला महामंत्री बलिंद्र हुड्डा, प्रदेश सचिव दिनेश पुजारा, ईश कुमार राणा, जगबीर आर्य, कुलदीप ,आजाद खलिला, अनिल बेनीवाल, अशोक चौहान आदि ने लड्डू बांटें।

### लाला लाजपत राय को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** आर्य बाल भारती विद्यालय परिसर में लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जबकि लाला लाजपत राय के जीवन पर आधारित प्रतियोगिता में पलक राशि, वैष्णवी, मीनाक्षी, सिमरन, नंदिनी विजेता रहे। विजेताओं को प्राचार्य डॉ अशोक आर्य, हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स के इंचार्ज जगदीश चहल ने सम्मानित किया।

### प्रशासन ने जन सुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कुल 62 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से कई पर तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी गई।

---

## डॉ.एपी जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद किया

# इंसान को संस्कारी बनने का संदेश देता साहित्यः आशुतोष

साहित्यकार व शिक्षाविद् डा.एपी जैन की पुस्तक यादों की यात्रा मैं चला डगर डगर का हुआ लोकार्पण

*इस पुस्तक में संस्कार, समर्पण, शिक्षा, सहयोग और जीवटता का बेमिसाल मिश्रण है*



पानीपत। साहित्यकार डा.एपी जैन की पुस्तक के विमोचन करते हुए अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज के प्रांगण में अंकन साहित्यिक मंच के तत्वावधान में आयोजित समारोह में कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ.एपी जैन की आत्मकथात्मक पुस्तक यादों की यात्रा मैं चला डगर डगर का लोकार्पण एवं कवि गोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्षता एडिटर आशुतोष अग्निहोत्री ने की। मुख्य अतिथि पाइट शिक्षण संस्थाओं के चेयरमैन हरिओम तायल एवं सारस्वत अतिथि गीता विश्वविद्यालय के चांसलर एसपी बंसल रहे। कार्यक्रम संरक्षक प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि चेतन स्कूलों के ट्रस्टी दीपचंद्र निर्मोही व समाजसेवी उद्योगपति कपिल जैन रहे। कार्यक्रम की सूत्रधार सोनिया सोनम अक्स रही। कार्यक्रम के प्रायोजक संदीप-एकता जैन, अमित- सीमा जैन, अंकित-श्वेता जैन और तनम-जयम, पहल व अयाना जैन रहे। डॉ.एपी जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद किया। अग्निहोत्री ने कहा कि इस पुस्तक में संस्कार, समर्पण, शिक्षा, सहयोग और जीवटता का बेमिसाल मिश्रण है। वहीं डॉ.जगदीश गुप्ता ने डॉ.जैन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन्होंने अर्थशास्त्र विषय में पहली स्नातकोत्तर कक्षा प्रारंभ करके व उसको अनुदान.प्राप्त बनाकर कॉलेज के शैक्षिक स्तर को बढ़ाया।

#### मौके पर ये मौजूद रहे

काव्य गोष्ठी में कमलेश कुमार पालीवाल कमल, जवाहर लाल शर्मा, डॉ.एपी जैन, सुरेंद्र धीमान बापौली, आराधना सिंह अनु, कमल नयन वर्मा, गुलशन सपड़ा, सुलेख जैन, चंद्रशेखर आजाद आदि ने अपनी कविताएं पेश की। इस अवसर पर अनिरुद्ध सिंह, प्रदीप चौहान, खुशबू जैन, सुषमा भाटिया, कल्पना गुलाटी, मीना दहूजा, ईश्वर जैन, संजय जैन, संदीप जैन, अजेश जैन, नरेंद्र गर्ग, देवेंद्र तूफान, डॉ.एसआर गोयल, संजीव दहूजा, इशा गर्ग व कियारा जैन आदि उपस्थित रहे।

---

# स्वदेशी उत्पादों को अपना कर भारत को विकसित राष्ट्र बनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** भाजपा नेता चेतन तनेजा, अतिथियों का स्वागत करते हुए।

भाजपा के आत्म निर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में भाजपा दक्षिण मंडल के अध्यक्ष चेतन तनेजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी का संदेश दिया है, आत्मनिर्भर भारत "भारत की आत्मा का जागरण" है। उन्होंने कहा कि कौशल, नवाचार और स्वदेशी उत्पादन भारत को आर्थिक रूप से मजबूत और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी राष्ट्र बनाएंगे। उन्होंने 'हर घर स्वदेशी घर, घर स्वदेशी' का आह्वान करते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाना केवल खरीदारी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सीधी भागीदारी है। इस मौके पर भाजपा नेता विक्की कत्याल, अरुण पसरीजा, कमल गोस्वामी, विशाल गोस्वामी, निशा बंसल, रोहताश देशवाल, दीपक गोयल, संदीप दहिया, सुमित तेहरी, हिमांशु विरमानी, सुमित विरमानी, परविंदर तनेजा, रविंद्र गोयल, मनीष बरेजा आदि ने भी जनता से स्वदेशी उत्पादों का अपनाने की अपील की।

---

## श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहादत को समर्पित भव्य महान नगर कीर्तन का आयोजन



शाहबाद। श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत को समर्पित भव्य महान नगर कीर्तन का आयोजन सोमवार को किया गया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री मस्तगढ़ साहिब से आरंभ होकर गांव अजराना कलां तक निकला गया। रोटरी क्लब शाहाबाद मारकण्डा द्वारा सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किशनगढ़ रोड़ पर नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यह आयोजन सतलुज स्कूल समिति द्वारा स्पॉन्सर किया गया। इस अवसर पर रोटरी प्रधान तथा स्कूल प्रधानाचार्य रो. डॉ. आर एस. घुम्मन ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत मानवता, त्याग और धर्म रक्षा का अद्वितीय संदेश देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता की भावना को और मजबूत करते हैं। संगत को श्रद्धापूर्वक जल सेवा प्रदान की और प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर रोटरी सचिव विक्रम गुप्ता, रो. राज कुमार गर्ग,. डॉ. एस एस आहूजा, एससी सिंगला, मीर सेठी, रो. संदीप ऋषि, रो. कुलदीप गुप्ता, स्कूल प्रधान संतोष कौर घुम्मन, उपप्रधान पूर्ण चंद शर्मा कॉर्डिनेटर मनिंदर सिंह घुम्मन तथा मोनिका घुम्मन, उपप्रधानाचार्य सतबीर सिंह, प्रबंधक मनोज भसीन, विपिन बत्तरा तथा स्कूल स्टाफ तथा विद्यार्थी मौजूद रहे।

---

# राजकीय कॉलेज के पहलवान बने चैंपियन

■ विजेता पहलवानों का कॉलेज में जोरदार स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** राजकीय कॉलेज के विजेता पहलवान जीते गए मेडलों का प्रदर्शन करते हुए। **फोटो : हरिभूमि**

पानीपत जिले में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गांव इसराना ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार नौवीं बार चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। वहीं, इस प्रतियोगिता के चैंपियन पहलवानों का चयन अब ऑल इंडिया इंटर जोनल यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए किया गया है। इधर कॉलेज के प्राचार्य प्रिंसिपल डॉ. हरिओम ने बताया कि विजेता पहलवानों का कॉलेज परिसर में जोरदार स्वागत किया गया है। वहीं, फ्रीस्टाइल वर्ग में 57 किग्रा में रोहित, 65 किग्रा में अनीश, 74 किग्रा में खेनित, 86 किग्रा में शिव ओम, 97 किग्रा में अतुल मलिक ने गोल्ड मेडल जीते। इधर, ग्रीको रोमन वर्ग में 65 किग्रा में आर्यन ने, 63 व 67 किग्रा में कपिल ने, 87 किग्रा में शिव ने, 130 किग्रा में रमनदीप ने गोल्ड मेडल जीते। वहीं, कॉलेज के पहलवानों ने पांच सिल्वर व तीन ब्रांच मेडल भी जीत कर पानीपत व गांव इसराना का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर खेल प्रभारी डॉ. बिरेंद्र गुलिया, ममता गुलिया, पूजा जागलान आदि ने विजेता पहलवानों का जोरदार स्वागत किया।



### आईबी कॉलेज के पहलवानों ने जीते मेडल

पानीपत। आईबी पीजी कॉलेज के खिलाड़ियों के कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज कुश्ती प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाया। इधर, आईबी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि 50 किग्रा भार वर्ग में पूजा में सिल्वर मेडल, 55 किग्रा में अंशिका, 62 किग्रा में स्वीटी तथा 72 किग्रा ममानसा ने ब्रांज मेडल जीते। जबकि लड़कों के वर्ग में चिराग ने 86 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती में ब्रांज मेडल तथा ग्रीको रोमन कुश्ती में वंश ने 82 किग्रा में गोल्ड मेडल जीते। 72 किग्रा में वंश त्यागी तथा 86 किग्रा में कृष्ण ने भी कांस्य पदक जीते। वहीं, डॉ. राजेश ने बताया कि पहलवान पूजा व वंश का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कुश्ती प्रतियोगिता के लिए कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के कोचिंग कैंप में हुआ है। इस अवसर पर खेल कमेटी से डॉ. सुनीता ढांडा, शारीरिक शिक्षा विभाग से सहायक प्रो. नीतू, ममता आदि उपस्थित रहे।

---

## एसडी कॉलेज में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास हरियाणा प्रांत द्वारा कार्यशाला आयोजित

# उत्तम चरित्र ही व्यक्ति की सबसे बड़ी संपदा : जगराम

*हमें सत्य और ईमानदारी को जीवन में उतारना चाहिए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, अतिथियों का स्वागत करते हुए।

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास हरियाणा प्रांत द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय 'चरित्र निर्माण हेतु करणीय कार्य' रहा। कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता जगराम वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं संयोजक उत्तर क्षेत्र एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र ने शिरकत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने में कोई कसर न छोड़े। अच्छे चरित्र वाले व्यक्ति को जीवन में सफलता जरुर मिलती है। हमें सत्य और ईमानदारी को जीवन में उतारना चाहिए। अनुशासन, विनम्रता और मेहनत का गुण हमें खुद में पैदा करना चाहिए। आत्म-नियंत्रण, सेवा भाव, प्रेम, सद्भावना और आत्म-निरीक्षण वाले व्यक्ति जीवन में अपना रास्ता खोज लेते है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने को कहा। वहीं, सकारात्मक सोच और कर्म निष्ठां से हम बुलंदी पर पहुंच सकते है। आत्म-विश्वास, समय के सदुपयोग, सद्भावना और असफलताओं से सीखकर हम अपने चरित्र को ऊँचा बना सकते है। मानसिक और शारीरिक संतुलन भी सफल जीवन जीने में सहायक सिद्ध होता है। चरित्र विकास की प्रक्रिया में निरंतर मूल्यांकन, स्पष्ट और रचनात्मक प्रतिक्रिया, मार्गदर्शन और एक कार्य योजना की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि उत्तम चरित्र व्यक्ति की सबसे बड़ी संपदा है और उत्तम चरित्र से ही व्यक्तित्व आकार पाता है। चरित्र मन को उज्वल करता है। जीवन को संवारता है।

#### मेहमानों का स्वागत किया

कार्यक्रम में डॉ. राधे श्याम शर्मा, पूर्व कुलपति सीडीएलयू सिरसा एवं क्षेत्रीय विषय संयोजक, डॉ. सुरेन्द्र नागिया प्राचार्य राजकीय कॉलेज घरौंडा, डॉ. रेखा शर्मा प्राचार्य जीवन चानना कॉलेज असंध, देवी भूषण प्रांत संयोजक, सुरेन्द्र भारद्वाज संयोजक पानीपत प्रांत, डॉ. इप्सिता बंसल भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय खानपुर कलां और डॉ. गीता सह-संयोजक पानीपत ने कार्यशाला में भाग लिया। मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने शाल ओढाकर तथा पौधा-रोपित गमलें भेंट करके किया।

---

# सत कर्मों का पुण्य फल देते है श्याम बाबा : भट्ट



**पानीपत।** श्री चतुर्थ श्याम संकीर्तन में अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजक।

■ गांव कुराड में श्री चतुर्थ श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के गांव कुराड़ में श्री श्याम लाडला परिवार कुराड़ द्वारा श्री चतुर्थ श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं, अंजलि द्विवेदी, अनुज पारीक, रेनु सैनी द्वारा श्याम बाबा का गुणगान किया गया। जबकि मंच संचालन श्रीभगवान दीक्षित ने किया। सानिध्य चुलकाना धाम के पुजारी विजय दास का रहा। वहीं, इस धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समालखा के विधायक मनमोहन भडाना के प्रतिनिधि उनके भाई कृष भडाना, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, केंद्रीय मंत्री एवं करनाल सांसद मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, भाजपा नेता केदार शर्मा, जगबीर आर्य, संदीप देशवाल, केडी शर्मा व गांव के सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र देशवाल रहे। सभी अतिथियों को श्याम बाबा का स्मृति चिन्ह देकर व पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बलवान शर्मा, अनिल शर्मा, जयपाल शर्मा, राजेश शर्मा, अनिल शर्मा, नरेश सैनी, सतीश मलिक, कृष्ण देशवाल, राजेश डीलर, जानू शर्मा, मोहन वर्मा, रमन शर्मा, बलविंदर वर्मा, दीपक शर्मा, संदीप शर्मा, सुनील मलिक, चंद्र मलिक, प्रदीप भारद्वाज, रणधीर शर्मा, मनोज ठेकेदार, अनिल कश्यप, अजय शर्मा, राकेश धीमान, प्रेम शर्मा, संजय गोयल, वीरेंद्र कुमार, कमल कंसल, हवा सिंह शर्मा, सुभाष शर्मा, राजू शर्मा, अनूप शर्मा, विक्की शर्मा, डा. कृष्ण देशवाल, मनजीत देशवाल व सुनील शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# शुगर मिल को लेकर बैठक हुई

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को पानीपत सहकारी चीनी मिल की बैठक उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 13 सूत्रीय एजेंडा पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रस्ताव पर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में शुगर मिल के एमडी संदीप के अलावा मिल के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### किसानों को मिलेगा खाद

**पानीपत।** डीसी डॉ. वीरेंद्र ने बताया कि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार अब खाद यूरिया, डीएपी, एनपीके सिर्फ उन्ही किसानों को मिलेगा जिन किसानों ने अपनी फसल का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण किया हुआ है। जिन भी किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण नहीं किया है वह अपनी फसल का पंजीकरण पोर्टल पर करवा सकते है।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग) (51 से 100)**

❖ विरेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री राजेन्द्र सिंह, गांव कबलाना, झज्जर ❖ श्री रामसरूप बैनीवाल सुपुत्र श्री छोटूराम बैनीवाल, कृष्णा कॉलोनी, कुंदन सिनेमा, जीन्द ❖ प्रवीन सुपुत्र श्री सत्यवीर, जहाजगढ, बेरी, झज्जर ❖ प्रवीन कुमार वर्मा सुपुत्र श्री कस्तूरी लाल वर्मा, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ कर्ण सिंह सुपुत्र श्री मुण्डे राम, मदाना झज्जर ❖ विजेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री प्रकाश चन्द्र वार्ड नं. 2, जुलाना, जीन्द ❖ ईश्वर (ईश्वर हेयर सैलून, पिल्लूखेड़ा) जामनी रोड, जीन्द ❖ अभय सिंह सुपुत्र स्व. श्री मामचन्द, दौगड़ा अहीर, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ मुस्कान योगी सुपुत्री श्री खुशीराम योगी, जाँट, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ सौरव सुपुत्र श्री संजय कुमार, वार्ड 1, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ राजरानी धर्मपत्नी श्यमलाल मोहल्ला देदेवाडा मन्दिर गुढा, झज्जर ❖ संदीप कुमार जांगड़ा सुपुत्र श्री चांद सिंह, गांव रभड़ा, गोहाना, सोनीपत ❖ रामपाल पुत्र श्री रामेश्वर निवासी गांव छिछड़ाना, गोहाना जिला सोनीपत ❖ दया राम सुपुत्र श्री शम्बू राम, बोचारिया, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ हर्ष कुमार बावलिया सुपुत्र श्री जयवीर बावलिया, साल्हावास, झज्जर ❖ अजंलि सुपुत्री श्री प्रभात सिंह, गांव सिवाना, बेरी, झज्जर ❖ राजकुमार शर्मा सुपुत्र श्री रामानन्द शर्मा, पाना बैठ्यान वार्ड नं. 12, कस्बा बेरी, झज्जर ❖ ईन्द्र मोहन सुपुत्र श्री रघुवीर प्रसाद, गांव बोचड़िया, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ रामबिलास सैनी सुपुत्र श्री मेहर सिंह सैनी, वार्ड 1, सिनेमा रोड, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री टेकराम फौजी सुपुत्र भूप सिंह, सेठों वाली गली, हरिपुरा मोहल्ला, वार्ड नं. 9, झज्जर ❖ विदित सिंगल सुपुत्र श्री सन्दीप सिंगल, महेश फैन्सी क्लॉथ स्टोर, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ स्नेहा सुपुत्री श्री संजीव कुमार, कनीना, वार्ड नं. 8, महेन्द्रगढ़ ❖ दिव्या सुपुत्री श्री संदीप रूहिल, रोहद, बहादुरगढ, झज्जर ❖ सुमित रूहिल सुपुत्र श्री कृष्ण, गांव व डा. दहकोरा, बहादुरगढ, झज्जर ❖ विजय भाटिया सुपुत्र श्री लाल चंद भाटिया, 5149/50, टॉपची वारा, रेवाड़ी ❖ सुधीर कुमार जैन पुत्र श्री रायचन्द जैन निवासी मकान नं. 263, सेक्टर 13, हुडा, भिवानी ❖ विधि सुपुत्री प्रहलाद अग्रवाल मुसेपुर (बेरली) रेवाड़ी ❖ अमित कुमार सुपुत्र श्री जगराम, माजरा, भाखली, मनेठी, रेवाड़ी ❖ अजय यादव सुपुत्र श्री हरकेश यादव, गांव गोलियाका, पुन्सिका, मनेठी, रेवाड़ी ❖ यश वर्मा सुपुत्र श्री प्रवीन कुमार वर्मा जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ ज्योत्सना पत्नी श्री संदीप निवासी 109/14, चरखी दादरी ❖ प्रदीप ग्रेवाल पुत्र श्री दयानन्द ग्रेवाल निवासी न्यू डिफेन्स कालोनी, रोहतक रोड़, गली नं.1, भिवानी ❖ श्री ओमप्रकाश सुपुत्र श्री रामकुमार, गांव मनेठी, रेवाड़ी ❖ राजवंती पत्नी श्री महाबीर सिंह निवासी आर्य नगर, सोनीपत ❖ भारती आंतिल सुपुत्री श्री परवीन आंतिल, गांव व डा. कुराड़, इब्राहिम पुर मं नं. 122 ❖ विपिन सुपुत्र श्री राजीव, बछराना, बावल, रेवाड़ी ❖ उपराव सिंह पुत्र श्री नानु राम निवासी गांव सांखौल, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ जयभगवान पुत्र श्री पोहकर मल निवासी धर्म विहार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह निवासी कोंट रोड़, गली नं. 4, शांति नगर, भिवानी ❖ राजेन्द्रा कुमार पुत्र श्री चिरन्जी लाल निवासी 906ए, सूर्या नगर, कोंट रोड़, भिवानी ❖ वेद प्रकाश पुत्र श्री भूप सिंह निवासी गांव मातन, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ इन्द्रसिंह सुपुत्र श्री देशराज सिंह गांव जै जैवन्ती, जुलाना, जीन्द ❖ सुरेन्द्र पुत्र श्री गोरधन, गांव बड़ौद, जींद ❖ उमेद सिंह सुपुत्र श्री शिवनारायण कुन्डू ❖ संजय कुमार सुपुत्र श्री दलबीर सिंह, गांव जामनी, सफीदों ❖ श्याम सुन्दर सुपुत्र श्री गोकुल राम, रेलवे रोड, नजदीक को-ऑपरेटिव बैंक, महेन्द्रगढ़ ❖ स्पर्श सुपुत्र श्री रमन, मं नं. 375/14, 4 मरला, सोनीपत ❖ महेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री रघुपाल बंसल, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री अर्जुन सिंह सुपुत्र श्री रामस्वरूप, गांव अटेली, नांगल, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ मिनाक्षी सुपुत्री श्री सोमबीर, दगड़ौली, बाढ़ड़ा, चरखी दादरी

*क्रमशः*

**शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें**

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## खबर संक्षेप

### 30 ग्राम 36 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर के चड्ढा पैलेस के सामने से अवैध नशा बेचने के मामले में सीआईए-2 ने डेहा कॉलोनी के आरोपी नीरज को 30 ग्राम 36 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोप को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थो की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर उसे काबू किया। नाकाबंदी के दौरान आरोपी ने नशे के साथ मोटर साइकिल भी जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस भी दर्ज किया है।

### नकदी व मोबाइल लूट मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-नारायणगढ ने आरोपी गुरनाम व रोहित कुमार को गिरफ्तार किया है। परशुराम नगर के मुकेश कुमार ने 7 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव तेपला के पास से आरोपियो ने उससे नकदी व मोबाइल छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की जिम्मेवारी सीआईए नारायणगढ़ को दी गई थी। अब पुलिस ने मामले में दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। उनसे मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गई।

### श्री गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शहीदी यात्रा

# ऐतिहासिक गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब पहुंचा भव्य नगर कीर्तन, श्रद्धालुओं ने की फूलों की बरसात





अंबाला। यात्रा की अगुवाई करते पंज प्यारे व शैंड शो में कला दिखाते युवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

श्री गुरु तेग बहादुर की 350 वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) ऐतिहासिक गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब में पहुंची। यहां पहुंचने पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी, हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यगण, प्रधान व श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर पवित्र नगर कीर्तन का भावपूर्ण स्वागत किया। इस अवसर पर समूह संगत ने माथा टेककर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर विशेष रूप से पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी भी मौजूद रहे। इस दौरान पंज प्यारों तथा यात्रा के साथ चल रहे हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यगणों ने सिरोपे देकर उनका श्रद्धापूर्वक सम्मान भी किया गया। इससे पहले ऐतिहासिक शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) के दौरान गतका का भी शानदार प्रदर्शन किया गया। समूह संगतण ने माथा टेका और आशीर्वाद भी प्राप्त किया। बता दें कि पंज प्यारों की अगुवाई में चल रही यह पवित्र यात्रा प्रातः गुरूद्वारा टोका साहिब से चली थी जिसके बाद कालाअंब, नारायणगढ व शहजादपुर होते हुए शाम को गुरूद्वारा पंजोखरा साहिब में पहुंची है। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा की गई सेवा भावना—लंगर वितरण, प्रसाद और पुष्प वर्षा—इस यात्रा को मानवता, त्याग और धार्मिक सौहार्द का प्रेरणादायक प्रतीक बना रही है। यह यात्रा श्री गुरु तेग बहादुर के बलिदान, धर्म रक्षा और मानव अधिकारों के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रही है। हरियाणा के परिवहन, ऊर्जा व श्रम मंत्री अनिल विज इस नगर कीर्तन में शामिल होंगे। नगर कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा यात्रा का श्रद्धापूर्वक भव्य स्वागत भी किया जाएगा।





अंबाला। अंबाला में प्रवेश करता नगर कीर्तन, गतका का प्रदर्शन करते सिख। फोटो : हरिभूमि

### आज यहां से प्रारंभ होगी यात्रा

18 नवंबर को यह यात्रा गुरूद्वारा श्री पंजोखरा साहिब से प्रारम्भ होकर तोपखाना, जीओसी बंगला, डिफेंस कॉलोनी गुरूद्वारा साहिब, कलरेहडी, बोह, बब्याल-पॉवर हाउस रोड, चांदपुरा रोड, रामपुर, सरसेहडी, जगाधरी रोड, महेशनगर, एसडी कालेज, सुभाष पार्क, सिंह सभा गुरूद्वारा साहिब (हरगोलाल रोड), चौडा बाजार, बजाजा बाजार, कसेरा बाजार, गुरू नानक रोड, कबाड़ी बाजार, मच्छी मोहल्ला, गुरूद्वारा कक्षत्री टांक, पंजाबी गुरूद्वारा, विजय रतन चौक, राय मार्केट, गोल चक्कर, तोपखाना बाजार से होते हुए गुरूद्वारा श्री पंजोखरा साहिब में पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम होगा। ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री पंजोखरा साहिब से 18 को प्रातः 9 बजे ऐतिहासिक शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) का शुभारंभ होगा।

### उकेरी गई गुरु तेग बहादुर की गाथा

*हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में उनके साहस, त्याग और बलिदान की गाथा को घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से ऐतिहासिक गुरूद्वारा पंजोखरा साहिब में सैंड आर्ट शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने रेत की कला के माध्यम से गुरु साहिब के जीवन आदर्शों और अमर विरासत पर आधारित सैंड आर्ट शो प्रस्तुत किया। शो के माध्यम से श्री गुरू तेग बहादुर के महान बलिदान को भी दर्शाया गया। श्री गुरू तेग बहादुर ने धर्म की रक्षा व मानवता के लिए जो कार्य किया है उसको यहां पर शो के माध्यम से दिखाने का काम किया गया। इसके साथ-साथ गुरू तेग बहादुर के सेवक भाई मति दास, भाई सति दास, भाई दयाला के भी बलिदान को यहां पर आर्ट शो के माध्यम से दर्शाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायिका संतोष चौहान सारवान, एसडीएम छावनी विनेश कुमार, बीएस बिंद्रा, गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व उप प्रधान सुदर्शन सहगल, अमरेंद्र सिंह, हैड ग्रंथी सरदार ज्ञानी बुटा सिंह, कुलदीप बडौला, अनूप मोहड़ा, कर्म सिंह, अजयकांत शर्मा, सोहन लाल, धर्मपाल के साथ-साथ सिख समाज के अनेक प्रतिनिधि, सिख संगत मौजूद रही।*

### नगर कीर्तन का भव्य अभिनंदन

**नारायणगढ़।** श्री गुरु तेग बहादुर की 350 वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निकाली जा रही ऐतिहासिक शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) ने नारायणगढ़ क्षेत्र को आध्यात्मिकता, सेवा और भाईचारे के रंग में रंग दिया। यह यात्रा जिला पंचकूला से अंबाला के गांव भूरेवाला पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर पवित्र नगर कीर्तन का भावपूर्ण स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों और ग्रामीणों ने यात्रा का सम्मानपूर्वक स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी की धर्मपत्नी ममता सैनी, बीडीपीओ जोगेश कुमार, गुरुद्वारा सिंह सभा साहिब प्रबंधक कमेटी भूरेवाला के प्रधान सरदार रघुबीर सिंह, सरपंच सीमा रानी, बीडीसी मेंबर दीप चंद सैनी, सतीश कुमार, जगीर सिंह, गुरमीत सिंह, इकबाल सिंह, कुलवंत सिंह, कुलदीप सिंह सहित भारी संख्या में सिख संगत और ग्रामीण उपस्थित रहे। पुष्प वर्षा कर पवित्र नगर कीर्तन का भावपूर्ण स्वागत किया। इस दौरान पंज प्यारों तथा यात्रा के साथ चल रहे हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य गुरजीत सिंह, हरजिंदर सिंह रच्छेडी, मुख्तयार सिंह, सिकंदर सिंह, सुपरवाइजर गुरप्रीत सिंह, अमृतपाल सिंह का भी सिरोपे देकर सम्मान किया गया।

# बराड़ाः पीलिया का बढ़ता कहर कई इलाकों में मरीज आए सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा।

कस्बे में दूषित जल सप्लाई, बढ़ते मरीज और जागरूकता की कमी के चलते स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इसके चलते कस्बे में पीलिया का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। वार्ड नंबर 16 से लिए गए 11 सैंपल्स में से चार में हेपेटाइटिस–A की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। अगर बात की जाए वार्ड नंबर 16 के अतिरिक्त अन्य कई इलाकों में भी पीलिया अपने पांव पसारने लगा है। जानकारी के अनुसार पिछले दिनों यहां की योगी बस्ती से 11 लोगों में हेपेटाइटिस की जबकि अमर एनक्लेव( रावण कॉलोनी ) में भी तीन से चार लोगों में हेपेटाइटिस के लक्षण मिले हैं जबकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होनी है। इसी प्रकार प्रीत नगर में भी पीलिया के मरीज होने की सूचना प्राप्त हुई है जबकि बराड़ा गांव स्कूल -वृद्ध आश्रम के नजदीक भी लोगों में पीलिया के लक्षण वाले मरीजों के मिलने की सूचना है। ग़ौरतलब है पिछले दिनों एसडीएम ऑफिस के समक्ष और छाबड़ा कॉलोनी के पीछे वाली कॉलोनी में भी पीलिया के मरीज मिले थे। अगर इन आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो नगर पालिका क्षेत्र डा के सभी 16 वार्डों में पीलिया के संभावित मरीजों की बात इनकार नहीं किया जा सकता है। चिकित्सको ने भी अंदेशा जताया कि हर वार्ड में पीलिया ग्रस्त मरीज हो सकते हैं हालांकि चिकित्सक इस बात की पुष्टि नहीं कर रहे क्योंकि उनका कहना है कि जब तक खून के सैंपल लेकर जांच ना की जाए तब तक किसी भी की मरीज में बीमारी की पुष्टि करना संभव नहीं है। लेकिन कस्बा के निजी डॉक्टरों और सीएचसी में प्रतिदिन पीलिया बीमारी जैसे लक्षण के मरीज रोजाना बड़ी तादाद में आ रहे हैं। फिलहाल विभाग की टीमों ने प्रभावित इलाके में सर्वे, घर–घर जागरूकता और जांच अभियान शुरू कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि स्वच्छ जल आपूर्ति और समुचित निगरानी व्यवस्था तुरंत नहीं सुधारी गई तो खतरा बढ़ सकता है।









बराड़ा। पीलिया से ग्रसित लोग। फोटो : हरिभूमि

### प्रेस केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज का दर्पणः तुषार सैनी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनंसचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के सेमिनार हॉल में नेशनल प्रेस-दिवस मनाया गया है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने नेशनल प्रेस-दिवस की बधाईयां और अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान में चुनौतियों के बावजूद भी भारतीय प्रेस निरंतर आगे बढ़ रही है। प्रोफेसर पूनिया ने कहा कि विद्यार्थियों को भारतीय प्रेस के संपूर्ण इतिहास से सीखते हुए दैनिक जीवन में कुछ न कुछ लिखते रहना चाहिए ताकि वे भविष्य में वे एक अच्छे पत्रकार बन सके। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार के मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी ने कहा कि प्रेस लोकतंत्र की आत्मा है। यह केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज का दर्पण है।

# दस सालों में असंगठित सेक्टरों में काम करने वाले कामगार और कर्मचारियों की हालत बेहद खस्ता

### नौकरी की बजाय गुलामी कर रहे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस की ओर से संगठन को मजबूत बनाने के लिए अहम नियुक्तियां की गई हैं। नियुक्ति के बाद सभी पदाधिकारियों को असंगठित सेक्टरों में काम करने वाले कामगार और कर्मचारियों को जागरूक कर उनके हितों की सुरक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं पूर्व सांसद उदित राज की ओर से जारी किए गए आदेश में बलजीत सिंह रंगा को केकेसी हरियाणा का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इसी तरह पुरुषोत्तम कुमार को केकेसी शहरी व कुलदीप सिंह ठरवा को केकेसी ग्रामीण का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अनुशासन कमेटी के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन ने सभी पदाधिकारियों की नियुक्ति पर खुशी जताते उन्हें बधाई दी। जैन ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को अन ऑर्गेनाइज्ड वर्कर्स और एम्प्लॉइज के अधिकार और सुविधाओं के लिए काम करने का आग्रह किया। जैन ने कहा कि पिछले दस सालों में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों व कर्मचारियों की हालात बेहद खराब हो गई। ज्यादातर कामगार व कर्मचारियों को काम की बजाय गुलामी करवाई जा रही है। कहा कि कम वेतन पर कर्मचारियों से 12-12 घंटे काम करवाया जा रहा है। वेतन बढ़ाने के नाम पर इन कर्मचारियों को नौकरियों से निकालने की धमकियां दी जाती हैं। जैन ने कहा कि प्रदेश में घरों से कूड़ा उठाने वाले 10 हजार से ज्यादातर सफाई कर्मचारियों को पिछले दस सालों से ठेकेदारों की गुलामी करनी पड़ रही है। ये कर्मचारी 10-12 हजार रुपये के वेतन पर लोगों के घरों से गंदगी उठा रहे हैं।



अंबाला। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते एडवोकेट रोहित जैन।

### इनका जताया आभार

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्तियों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता विपक्ष राहुल गांधी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा, केकेसी के राष्ट्रीय चेयरमैन उदित राज के साथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह , केकेसी के प्रदेशाध्यक्ष नरेश मलिक, सांसद वरूण मुलाना का भी आभार जताया। मौके पर डीएनटी के अध्यक्ष अशोक बरतिया, जितेंद्रपाल सोढी, विपिन गर्ग, पंडित राजपाल, गौरव कुकरेजा, किरण राणा, अमित कुमार व अमन उप्पल ने भी नई नियुक्तियों पर पदाधिकारियों को बधाई दी।

# किसानों की समस्याओं का समाधान करना मुख्य प्राथमिकताः नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

कार्यालय मार्केट कमेटी में नवनियुक्त अध्यक्ष नरेंद्र राणा कुराली की अध्यक्षता में पहली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कमेटी के सभी नवनियुक्त सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित रहे नरेंद्र राणा कुराली (चेयरमैन), भूषण अग्रवाल (वाइस चेयरमैन), सदस्य बलबीर सिंह, भूषण शर्मा, रविन्द्र आर्य, मुकेश, सुखविंद्र सैनी, जसबीर सिंह, अम्मी चंद, श्रीपाल, दलबीर सिंह, भूपिंदर सिंह सैनी, सचिन वालिया, शिव चानना, हरपाल अरोड़ा, राकेश कुमार, सोमनाथ, रमेश लाल, सतीश कुमार मौजूद रहे। कमेटी स्टाफ मौजूद रहा जिनमें- अखिलेश कुमार, दीपक कुमार, रविंद्र कुमार, दिनेश मार, अशोक कुमार, सतीश कुमार, राम कुमार, अनिल कुमार। बैठक के दौरान नवनियुक्त सदस्यों एवं कर्मचारियों का आपसी परिचय कराया गया। इस अवसर पर सचिव अखिलेश कुमार ने मार्केट कमेटी के अंतर्गत आने वाली योजनाओं एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी ताकि सदस्य इन योजनाओं को क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों तथा आम नागरिकों तक पहुंचा सकें। चेयरमैन नरेंद्र राणा ने कहा कि मार्केट कमेटी का उद्देश्य किसानों और व्यापारियों को पारदर्शी व्यवस्था, सुविधाजनक वातावरण और बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता है। सभी सदस्यों और अधिकारियों के सहयोग से मंडी व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।



शहजादपुर। मीटिंग के दौरान मौजूद मार्केट कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारी।

# खेल भविष्य की नई उम्मीद : खैहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

जजपा युवा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसविंदर खैहरा पिहोवा हल्के के गाँव चनाहेड़ी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों और खिलाड़ियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरे मैदान में सैकड़ों युवा खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक था, जिसने आयोजन को एक बड़े स्पोर्ट्स फेस्टिवल का रूप दे दिया। खैहरा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, उनके खेल कौशल की प्रशंसा की और सभी प्रतिभागियों को दिल से शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, मेहनत, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता का सबसे बड़ा मंच है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्रामीण युवाओं में अपार प्रतिभा है, जिसे सही दिशा मिले तो वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धियाँ हासिल कर सकते हैं। संबोधन में कहा—खेल सिर्फ़ खेल नहीं, भविष्य की नई उम्मीद है। जब युवा मैदान में उतरते हैं, तो वे खुद को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की क्षमता पैदा करते हैं। उन्होंने चनाहेड़ी पंचायत और आयोजन समिति की प्रशंसा करते कहा कि गाँवों में इस तरह के भव्य खेल आयोजन सामाजिक सौहार्द, युवा ऊर्जा और सकारात्मक माहौल बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# गीता केवल एक ग्रंथ नहीं, जीवन का विज्ञान : मदन मोहन छाबड़ा

- होने वाली प्रबुद्ध गीता संगोष्ठी में गीता के संदेश के साथ मानवता को जोड़ने पर मंथन होगा
- श्रीमद्भगवत गीता ग्रंथ को पढ़ने व समझने के साथ मानवता तक गीता संदेश को पहुंचाने की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

गीता ज्ञान संस्थान में गीता के ज्ञान और कर्मयोग के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रबुद्ध गीता संगोष्ठी का आयोजन होगा। 26 को होने वाली प्रबुद्ध गीता संगोष्ठी में गीता के संदेश के साथ मानवता को जोड़ने पर मंथन होगा। प्रबुद्ध गीता संगोष्ठी की तैयारियों को लेकर गीता संस्थान में संगोष्ठी संयोजक मदन मोहन छाबड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगोष्ठी के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई और अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत संस्थान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने पर भी मंथन हुआ।



### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से श्रीमद्भगवत गीता ग्रंथ को पढ़ने व समझने के साथ मानवता तक गीता संदेश को पहुंचाने की नई पहल की गई है, क्योंकि गीता केवल एक ग्रंथ नहीं, जीवन का विज्ञान है। इसे हर क्षेत्र की आवश्यकता अनुसार जीवन में उतारना ही राष्ट्र निर्माण की दिशा है। उन्होंने कहा कि गीता मनीषी के जीओ गीता अभियान के अंतर्गत अब शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, न्याय, पुलिस, सेना, जेल प्रशासन, मीडिया और सामाजिक नेतृत्व के साथ हर क्षेत्र के लिए गीता लिखी गई हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण को नई दिशा मिल रही है। इस अवसर पर विवेक कोहली, तरुण शास्त्री, पवन मित्तल, राजेश सैन, चंद्रिका, कमल बत्रा, डॉ. देवेंद्र, डॉ. सुनील भारती और डॉ. श्याम लाल के अलावा संगोष्ठी से जुड़े प्रमुख पदाधिकारियों, अध्यापकों, समन्वयकों और कार्यकताओं ने भाग लिया।

### शैमफोर्ड स्कूल में भव्यता के साथ मनाया स्थापना दिवस

# नागालैंड व मणिपुरी नृत्य से छात्रों ने मचाया धमाल

- सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ खेलकूद–फिटनेस गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

शैमफोर्ड विद्यालय में स्थापना के 15 वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरा विद्यालय परिसर रोशनी, सजावट और उल्लास से जगमगा उठा। इस कार्यक्रम को लेकर स्टूडेंट्स, अभिभावकों और शिक्षकों में इस अवसर को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शैमरॉक ग्रुप ऑफ स्कूल्स की निदेशक मीनल अरोड़ा एवं अनमोल अरोड़ा उपस्थित रहे।

साथ ही वैश्विक शांति ब्रह्माकुमारीज़ की निदेशक बीके अनीता दीदी ने भी समारोह की गरिमा बढ़ाई। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा आयोजित अनुशासनपूर्ण मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्वागत नृत्य और विद्यार्थियों की प्रस्तुत कविताओं ने पूरे वातावरण को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे-मुन्ने बच्चों के "फ्लावर डांस" से हुई, जिसने उपस्थित सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद नागालैंड नृत्य, फ्यूजन डांस, मणिपुरी नृत्य, कव्वाली प्रस्तुति, रेट्रो डांस और देशभक्ति पर आधारित नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हरियाणवी नृत्य ने स्थानीय संस्कृति की झलक दिखाई, जबकि छात्रों की कविताओं ने कार्यक्रम में साहित्यिक रस घोल दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ खेलकूद और फिटनेस गतिविधियां भी बड़े आकर्षण का केंद्र रहीं। विद्यार्थियों के स्केटिंग, कराटे और योग प्रदर्शन ने दर्शकों से खूब सराहना बटोरी। बच्चों ने आत्मरक्षा, संतुलन और एकाग्रता का अद्भुत प्रदर्शन कर सबको प्रभावित किया। विद्यालय की 15 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित जर्नी ऑफ स्कूल की प्रस्तुति ने विद्यालय की विकास यात्रा को सजीव रूप में दर्शाया। इसके बाद गुजराती नृत्य की रंगीन प्रस्तुति, अभिमन्यु एक्ट के माध्यम से महाभारत की वीरगाथा, तथा हास्य से भरपूर हॉरर कॉमेडी ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। मुख्य अतिथि मीनल अरोड़ा ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और विद्यालय की उपलब्धियों की खूब प्रशंसा की। अनमोल अरोड़ा ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं बल्कि जीवन मूल्यों का आधार है। विद्यालय बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित कर रहे हैं। बीके अनीता दीदी ने बच्चों को सकारात्मक सोच, आत्मबल और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया।





बराड़ा। मुख्यअतिथि का स्वागत करते हुए बच्चे व प्रस्तुति देते छात्र । फोटो : हरिभूमि